आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपसमूह के किसानों को कीट संक्रमण के कारण हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाया है।
- पुणे में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव में 25 विद्यार्थी द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राज्य ओपन सीनियर पुरुष और महिला कबड्डी चैंपियनशिप सम्पन्न।
- चेन्नई से आ रहे जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप के आज शाम चार बजे श्री विजयपुरम पहुँचने की संभावना है।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपसमूह के किसानों को रूगोस स्पाइरलिंग व्हाइटफ्लाई और मिलीबग के संक्रमण के कारण नारियल, सुपारी, केला और अन्य फलदार फसलों में हो रही भारी नुकसान का मुद्दा उठाया है। सांसद ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर किसानों के समस्याओं से अवगत कराया है। सांसद ने ज़मीनी स्थिति का अध्ययन करने और मुख्य भूमि से एक उच्च–स्तरीय वैज्ञानिक विशेषज्ञ दल को नियुक्त करने, रूगोज़ स्पाइरलिंग व्हाइटफ़लाई और मीलीबग के संक्रमण के खिलाफ वैज्ञानिक नियंत्रण उपाय निकालने और उचित सर्वेक्षण करने के बाद प्रभावित किसानों और आदिवासी समुदायों को मुआवज़ा प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने इन दूरस्थ द्वीपों में कृषक समुदाय को बचाने और खाद्य एवं आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। 22 सितम्बर से शुरू हुआ यह उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन सुधारों से वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम हुआ है और लोगों को राहत मिली है।

<><><><><><><><>

समग्र शिक्षा के तहत राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से श्री विजयपुरम में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में तीनों जिलों के कुल 69 छात्रों ने भाग लिया। कला उत्सव का उद्देश्य स्कूली छात्रों को अपनी कलात्मक और रचनात्मक प्रतिभा दिखाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। इस वर्ष, गायन, वाद्य संगीत, नृत्य, रंगमंच, दृश्य कला और पारंपरिक कहानी सुनाना, के अंतर्गत बारह श्रेणियों में एकल और समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई थीं। इस अवसर पर समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना अधिकारी एस सुरेश कुमार ने कला उत्सव प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाला। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन उप विकास शिक्षा निदेशक (शैक्षणिक) ज्ञान शील दुबे ने किया। निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न कला रूपों से कुल 25 विजेताओं का चयन किया गया है, जो पुणे में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव में इस द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><><><>

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर चिन्मय मिशन में 1 और 2 अक्टूबर को कन्या पूजन और सरस्वती पूजन का आयोजन किया जाएगा। 1 अक्टूबर को महानवमी पूजन और पूर्णाहुति होम सुबह 9 बजे से आरंभ होगा और उसके बाद 11.30 बजे कन्या पूजन होगा। विजयादशमी को सुबह 8 बजे से श्री सरस्वती पूजन और 10 बजे पुष्पांजलि होगी।

<><><><><><><><>

अंडमान और निकोबार कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडमान और निकोबार राज्य ओलंपिक संघ के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राज्य ओपन सीनियर पुरुष और महिला कबड्डी चैंपियनशिप संपन्न हो गई। इस चैम्पियनशिप में कुल छह पुरुष टीमों और तीन महिला टीमों ने भाग लिया। महिला वर्ग में, जय श्री राम टीम विजेता रही, जबकि पुरुष वर्ग में वीएमटी टीम ने विजेता घोषित की गई। समापन समारोह में दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी मुख्य अतिथि और गुप्तापाड़ा पंचायत प्रधान और दुर्लभ दास सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उन्होंने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों से खेल को समर्पित भाव से अपनाने और राष्ट्रीय स्तर पर द्वीपसमूह का नाम रोशन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर, एसोसिएशन की अध्यक्षा सारिका देवी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप के आज शाम चार बजे श्री विजयपुरम पहुँचने की संभावना है। इसमें साढ़े चार सौ से अधिक यात्री सवार है और साढ़े पांच सौ से अधिक मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

इस बीच, जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से अक्तूबर माह के लिए यात्रा कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। एम वी स्वराजद्वीप पांच अक्तूबर को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए छूटेगा और 10 अक्तूबर को वापसी करेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम  से डिगलीपुर जा रही एक आनंद बस 27 सितम्बर को रात 9 बजे पानीघाट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस, अग्निशमन सेवाओं और स्थानीय निवासियों की त्वरित कार्रवाई से सभी 34 यात्रियों और दो कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आठ यात्रियों को मायाबंदर स्थित आरपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से दो को सिर में चोटें आई थीं। आरपी अस्पताल में दुर्घटना नियंत्रण नंबर 273215 जारी किया गया है। कल सुबह एक विशेष हेलीकॉप्टर से पाँच मरीजों, एक नर्स और दो परिचारकों को आगे के इलाज के लिए जीबी पंत अस्पताल ले जाया गया। मध्योत्तर अंडमान पुलिस अधीक्षक और प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहे हैं। सभी मरीज़ खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टीएसजी भास्कर घायल यात्रियों से मिलने आरपी अस्पताल गए। उन्होंने स्थिति का आंकलन करने के लिए दुर्घटनास्थल का भी दौरा किया। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग–4 सड़क के नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला के विशेष न्यायाधीश सुभाजीत बसु ने पॉक्सो अधिनियम 2012, के तहत अजय सरकार नामक एक आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास और 50,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना राशि का भुगतान न करने पर **POCSO** अधिनियम की धारा 6 के तहत 05 महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले की जाँच एसडीपीओ, डिगलीपुर और जिला पुलिस अधीक्षक की निगरानी में, राज्य अभियोजन पक्ष द्वारा की गई थी। यह मामला राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक केशव चंद्र मंडल द्वारा चलाया गया।

**<><><><><><><>**